**Research Unit**
**Press Information Bureau**
**Ministry of Information and Broadcasting**
**Government of India**

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में 1 करोड़ से अधिक लोग शामिल; सप्ताह दर सप्ताह बढ़ रही जन भागीदारी

### विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों में 22 लाख लोगों की जांच की गई

### 23, 000 से अधिक ग्राम पंचायतें को मिला डीएफ प्लस मॉडल का दर्जा

दिसंबर 8, 2023


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा अब देश भर में नागरिकों के साथ संबंधों को बढ़ावा देने वाले एक परिवर्तनकारी अभियान में परिवर्तित होने लगी है।

यह यात्रा विभिन्न सरकारी संस्थाओं, राज्यों और जनता के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास है, जो भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में राष्ट्रीय स्तर पर किये जा रहे साझा प्रयासों को संरेखित करता है। देश में प्रत्येक जन मानस को संयुक्त रूप से जोड़ने के इस अभूतपूर्व प्रयास  के तहत 2.60 लाख ग्राम पंचायतें और 3600 से अधिक शहरी स्थानीय निकाय सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) वैन के माध्यम से जनता को कल्याणकारी सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है।



पहले दिन (15 नवंबर) ही, 1 लाख से अधिक लोगों ने इसके अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर इस यात्रा को सार्थक बना दिया। इस संकल्प यात्रा में दिनों दिन जन भागीदारी बढ़ती जा रही है। जहां पहले सप्ताह में 500,000 नागरिकों की भागीदारी देखी गई, वहीं तीसरे सप्ताह तक 01 करोड़ से अधिक नागरिक इस यात्रा के सहभागी बन चुके हैं ।बीते ९ दिनों में देश भर से 77 लाख से अधिक नागरिक यात्रा के दौरान आयोजित विविध कार्यक्रमों में शामिल हो चुके है, जिससे प्रतीत होता है कि संकल्प यात्रा में जनभागीदारी कितनी तेज़ी से बढ़ रही है।

देश के कोने- कोने यहाँ तक कि सुदूरवर्ती इलाकों में जनता द्वारा दिल से स्वीकार की गई, यह यात्रा सरकारी सेवाओं और संसाधनों को जन साधारण तक पहुंचाने का जरिया बनती जा रही है। यह कहना अनुचित न होगा कि संकल्प यात्रा दूरियों को पाटकर नागरिकों और सरकारी पहलों के बीच एकता, समावेशन और एक मजबूत संरेखण पैदा कर रही है , साथ ही जनता को सशक्त बनाते हुए उज्जवल भविष्य की और अग्रसर कर रही है




7 दिसंबर, 2023 तक, यात्रा 36,000 से अधिक ग्राम पंचायतों तक पहुंच चुकी है। 79 लाख से अधिक नागरिकों ने प्रभावशाली ढंग से इस पहल के माध्यम से भारत के विकास को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई है। बहुत ही कम समय में यह शहरों में 700 से अधिक इलाकों को कवर कर चुकी है यात्रा के दौरान ‘ मेरी कहानी, मेरी ज़ुबानी’ कार्यक्रम के तहत 20 लाख से अधिक लोग सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विविध अनुभवों को साझा कर चुके हैं।




Meri Kahani, Meri Zubani

## नारी सशक्तिकरण

यह यात्रा एक एकीकृत मंच के रूप में कार्य करती है, जो लैंगिक समानता को प्रदर्शित करते हुए पुरुषों और महिलाओं दोनों की समान भागीदारी को प्रोत्साहित करती है। एक केंद्र बिंदु महिला केंद्रित योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ा रहा है, जिसके कारण यात्रा के दौरान 46,000 से अधिक लाभार्थियों ने पीएम उज्ज्वला योजना के लिए नामांकन किया है। इससे उन्हें धुआं मुक्त रसोई का वरदान मिलेगा जिससे वे स्वस्थ जीवन जी सकेंगे।

विकासशील भारत संकल्प यात्रा के दौरान, 18,000 से अधिक ग्राम पंचायतों को "100% हर घर जल" के रूप में मान्यता दी गई अर्थात हर घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो। यह उपलब्धि पानी भरने के लिए लम्बी दूरी तय करने की समस्या का अंत कर महिलाओं को सशक्त बनाती है। विकासशील भारत संकल्प यात्रा के इन प्रयासों से भारत में महिलाओं का उज्जवल भविष्य क्षितिज पर है ।

## स्वास्थ्य एवं स्वच्छता

इस यात्रा के माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, देश भर में आयोजित विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों में 22 लाख से अधिक व्यक्तियों की जांच की गई है। ये शिविर देश के सुदूर कोनों में आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

विकासशील भारत संकल्प यात्रा देश भर में केंद्रीय योजनाओं की पूर्ण संतृप्ति सुनिश्चित करने के अपने उद्देश्य की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है। यात्रा के दौरान, 23,000 से अधिक ग्राम पंचायतें 'खुले में शौच से मुक्त' (ओडीएफ) प्लस मॉडल का दर्जा प्राप्त कर चुकी हैं।

## वित्तीय समावेशन

संकल्प यात्रा, जीवन ज्योति योजना में 1.7 लाख से अधिक लोगों को नामांकित करने और सुरक्षा बीमा योजना से 3 लाख से अधिक लोगों को लाभान्वित करने पर केंद्रित है। ये योजनाएं अप्रत्याशित परिस्थितियों में परिवारों को महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं, जिससे वित्तीय समावेशन बढ़ता है।

## तकनीकी कौशल

यात्रा के दौरान 20,000 से अधिक ग्राम पंचायतों को भूमि रिकॉर्ड के लिए 100% डिजिटलीकृत घोषित किया गया है, जिससे स्वामित्व रिकॉर्ड की पारदर्शिता, पहुंच और सुरक्षा सुनिश्चित हुई ह। इससे ग्रामीण समुदाय सशक्त हुए हैं और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिला है। एक अन्य तकनीकी उपलब्धि विकासशील भारत संकल्प यात्रा में प्रदर्शित कृषि पद्धतियों में किसानों के लिए ड्रोन प्रदर्शन है। ड्रोन दक्षता बढ़ाकर, लागत कम करके, फसल की पैदावार में सुधार और सुरक्षा करके कृषि में क्रांति लाने में मदद करेंगे



विकासशील भारत संकल्प यात्रा एकता, सहयोग और उज्जवल भविष्य के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। अपने सफर में आगे बढ़ रही यह यात्रा एक विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रगति, आशा और साझा समर्पण के चिन्ह छोड़ती जा रही है।

**Nimish Rustagi/ Himanshu Pathak/Ritu Kataria/ Madiha Iqbal/Indu Sharma**